कृषि एवं वनारोपण के लिये सुधार के योग्य कन्दरायुक्त भूमिग्रों के चुनाव के हेतु, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान ग्रौर गुजरात राज्यों में 1967–68 के ग्रन्त तक 9.43 लाख एकड़ के क्षेत्र पर भूमि सर्वेक्षण कर दिये गये हैं। गुजरात में कन्दरायुक्त भूमि के 9.32 लाख एकड़ क्षेत्र पर हवाई फोटोग्राफी भी हो गई है। उसी ग्रवधि के दौरान, खेती के लिये 31,000 एकड़ से ग्रधिक भूमि का कन्दरा सुधार कर दिया है। 1.40 लाख एकड़ क्षेत्र के ऊपर कन्दरा भूमि का वनारोपण भी पूर्ण कर दिया है।

विभिन्न राज्यों में कन्दरा सर्वेक्षण ग्रौर सुधार गतिविधियों को समन्वित करने के लिये केन्द्रीय रैविन रिक्लेमेशन बोर्ड निर्मित किया गया है ग्रौर उपरोक्त चार राज्यों में प्रचुर मात्रीय कन्दरा सुधार की तकनीकी एवं ग्रार्थिक सम्भाव्यता को स्थापित करने के लिये प्रत्येक राज्य में 10,000 एकड़ वाली मार्गदर्शी प्रयोजना का निर्माण हो रहा है।

## कर्मचारी भविष्य निधि

*763. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स डायर्स स्टोन लाइम कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड, कलकत्ता, मैसर्स लाइम एंड रिफैक्टर्ज (प्राइवेट) लिमिटेड, बम्बई तथा मैसर्स इंडियन डिस्ट्रीब्यूटर्स (प्राइवेट) लिमिटेड, कटनी ने गत कई वर्षों से ग्रपने कर्मचारियों की भविष्य निधि की राशि जमा नहीं कराई है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि मजूरी बोर्ड पंचाट के ग्रनुसार वे ग्रपने कर्मचारियों को सुविधायें प्रदान नहीं कर रहे हैं ;

(ग) इन फर्मों में स्थायी तथा ग्रस्थायी कर्मचारियों की संख्या कितनी है ;

(घ) क्या यह भी सच है कि ये फर्में लोगों को बहुत समय तक काम पर नहीं रखती हैं ; ग्रौर

(ङ) यदि हां, तो गत पांच वर्षों में कितने व्यक्तियों को नौकरी से हटाया गया तथा कितने व्यक्तियों ने त्यागपत्र दिया ?

**श्रम तथा पुनर्वास मंत्री (श्री हाथी):** (क) से (ङ): सूचना एकत्र की जा रही है ग्रौर सभा की मेज़ पर रख दी जायगी।

## कालकाजी कालोनी (दिल्ली) में विस्थापित व्यक्तियों को भूमि का ग्राबंटन

*764. **श्री जगन्नाथराव जोशी :**
**श्री भारत सिंह चौहान :**

क्या श्रम तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वी पाकिस्तान से ग्राये हुए विस्थापित व्यक्तियों ने सरकार को यह प्रार्थना की थी कि कालकाजी कालोनी, दिल्ली में उन्हें दी गयी भूमि के किराये तथा मूल्य को कम कर दिया जाये;

(ख) क्या सरकार ने उनकी मांग को ग्रस्वीकार कर दिया है ; ग्रौर

(ग) यदि हां, तो इस के क्या कारण है ?

**श्रम, रोजगार तथा पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री बा० रा० चव्हाण):** (क) से (ग). एक विवरण सभा की मेज पर रख दिया गया है।